KPT
KUMAWAT PRAGATI TRUST

मासिक
कुमावत इंडिया
कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com

वर्ष-4 | अंक-7 फरवरी-2021 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00

Director
Mukesh Kumawat
93146-07695

Managing Director
C.M. Kumawat
98290-56063

Director
Lokesh Kumawat
97837-83123

CMT ARTS INDIA PVT LTD.

MANUFACTURER, EXPORTER, IMPORTER & WHOLESALER OF
All kind of : HANDICRAFT, GIFT AND SOUVENIR

Since 1976

Speciality :

1. Cedar Wood/ Kadamba wood with fine carving and half antique.
2. Sandalwood artifacts 3. Brass metal with turquoise work and Antique finish
4. Marble with painted & embossed art 5. Cultured marble 6. Soft stone 7. Miniature Art

Showroom :
"Sai-Villa", Plot No. 39, Mission Compound,
C-Scheme, Near Ajmer Puliya (Bridge)
Jaipur 302 001 (Raj.) Tel: +91-141-4041561

Residence :
F-31/A, Lal Bhadhur Nagar (W),
S.L. Marg, Main Road, Durgapura,
Tonk Road, Jaipur - 302018 (Raj.)

Email: cmtartsindia@gmail.com

Website : www.sandalwood.cn.com

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : 2806, खड़गटा भवन,गणेश जी मंदिर के पास, मोती डूंगरी, जयपुर-302004

मुख्य संरक्षक	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	मो. 9414994006
अध्यक्ष	:	रमेश कुमावत (गेदर)	मो. 9414554322
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	मो. 9887440666
सचिव	:	विनोद बालोदिया	मो. 9829059312
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	मो. 9549656438
सदस्य ट्रस्टी	:	सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	मो. 9829056063
		हेमचन्द खड़गटा	मो. 9351682036
		मनोज सिरस्वा	मो. 9414043127
		रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	मो. 9414074376
		जयकिशन सोकिल	मो. 9829125428
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	मो. 9414263429

सम्पादक मण्डल : रामप्रकाश कुमावत (मारवाल) सम्पादक - 9414074376, श्रीमती भारती वर्मा सह-सम्पादक 9414810584, राजेन्द्र जूनवाल 9828139099, गौरव अजमेरा 9829488824, प्रमोद कुण्डलवाल 9414362169 **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, चन्द्र प्रकाश अजमेरा 9928088815, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, रोहित कुमावत (मोरवाल) 9887097092, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496 , चेतन बालोदिया 9414052736 एवं श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, प्रभुदयाल तुनगरिया किशनगढ़ 9680931428

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397 दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580 सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444 वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299 मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188 जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301 कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402 सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657 उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** दयाशंकर रावड़िया **मो. 9414391034 ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493 किशनगढ़ :** नन्दकिशोर पारमवाल **मो. 9667090499 बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957 सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812 इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645** **प्रोसेसिंग व मुद्रक :** राज ब्लॉक्स, चौड़ा रास्ता, जयपुर

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-600

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर सूचित अवश्य करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक हेमचन्द कुमावत (खड़गटा) द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं 2806, खड़गटा भवन, गणेश जी मंदिर के पास, मोती डूंगरी, जयपुर से प्रकाशित सम्पादक राम प्रकाश कुमावत (मारवाल)

सम्पादकीय

गृहस्थ आश्रम के रूप में हमारे ऋषियों ने परिवार-व्यवस्था स्थापित की है। घर में हमारे बुजुर्गों का सानिध्य, संरक्षण एवं मार्गदर्शन सहज उपलब्ध होता है। संपन्न देशों में भौतिक प्रगति के बावजूद वहां की सामाजिक स्थिति विकट है- परिवार टूट चुके हैं, बुजुर्गों से भरे-पूरे परिवार दुर्लभ हो चुके हैं, बुजुर्ग अकेले रहने के लिए अभिशप्त हैं व उनकी देखभाल हेतु कोई परिवारजन नहीं है अर्थात उनके अंतिम समय में अपनों का साथ नही होने से वे सामाजिक जीवन से दूर व दु:खी रहते है। उधर बच्चों को बुजुर्गों की छत्रछाया नहीं मिल पाती जिनकी गोद में खेलता- कूदता विकसित होता बचपन न जाने कितनी बातें खेल खेल में दादा-दादी व नाना-नानी के सहारे सीख जाता था।

संयुक्त परिवार व्यवस्था सद्गुणों को सीखने, अभ्यास एवं विकास की प्राथमिक पाठशाला है। इसके अभाव में एकल परिवारों में शिशुओं को नौकर - नौकरानियों के सहारे छोड़ना पड़ता है। ऐसे में बच्चों में उन सांस्कृतिक एवं भावनात्मक गुणों की आशा नहीं की जा सकती है जो परिवार की बुजुर्ग अभिभावकों के सानिध्य में सहज ही विकसित हो जाते थे।

आज के युवक-युवतियां अपने परंपरागत व्यापार धंधों, उधोग, खेती, कारीगरी, हस्तशिल्प व स्थानीय नौकरियों को छोड़कर अति महत्वाकांक्षा, अच्छे आर्थिक पैकेज व बड़े शहरों की आकर्षक जीवन शैली के कारण घर से बाहर निकल जाते हैं। उनमें से अधिकांश शहरी व्यवस्था में समायोजित न होने के कारण चिंतित व तनाव में रहते हैं। यदि वे अपनी इच्छाओं को कम रखे तो ऐसी स्थिति नहीं आएगी।

जिन्हें अनावश्यक चाहत नहीं होती है उनके पास जो है वे उसी में सादगी से संतुष्ट व प्रसन्न रहते हैं। वास्तव में सादगी केवल खान-पान या सरल जीवन शैली नहीं है बल्कि यह एक सोच व नजरिया है। नजरिया सीधा-साधा होगा तो झूठ बोलने अथवा छुपाने की जरूरत नहीं होगी। आज हमारे देश में लोगों ने सादगी को भुलाकर प्रकृति के साथ सामंजस्य को भी भुला दिया है। उसका परिणाम हम जीवन के सभी क्षेत्रों में देख सकते हैं। बच्चे वही शिक्षा पा रहें हैं जो आज के बाजार के दवाब के अनुरूप है। वर्तमान शिक्षा में मौलिक गुणों व संस्कारों को अभाव है इससे लोग स्वार्थी व बनावटी होते जा रहे हैं, वे अंतकरण की नहीं सुनते तथा अपने मूल व्यक्तित्व पर झूठ का आवरण डाल रहे है। इस व्यवस्था में बच्चे बड़े होकर जटिल तथा मनोग्रंथियों से युक्त समाज ही बनाएंगे।

वर्तमान में हमारे परिवार व समाज की सरलता व सादगी विलुप्त-सी हो गई है तथा जटिलता व चकाचौंध की भरमार हो गई है । इससे आपसी संबंधों, पारिवारिक कार्यक्रमों, त्योहारों और शादी-ब्याह में बेतहासा खर्च होने लग गया है। इससे परिवार कर्ज में डूबते जा रहे हैं। चिंता की बात तो यह है कि देखा-देखी का यह नशा दूसरे परिवारों को भी चपेट में ले रहा हैं। परिणामस्वरूप उन पर जो भी बीतती है वे स्वयं ही महसूस कर सकते हैं। हमें अपनी सीमाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजनों में खर्च करना चाहिए। सादगी जीवन के साथ गृहस्थी की जीवन नय्या को पार करना चाहिए क्योंकि गृहस्थ जीवन ही व्यक्ति के आंतरिक और बाह्य का विकास सुनिश्चित करता है। महर्षि व्यास के अनुसार 'गृहस्थ्येव हिं धर्माणां सर्वेषां मूल मुच्यते' अर्थात गृहस्थाश्रम ही सभी धर्मों का आधार है।

अत: आग्रह है कि परिवार संस्कति में ही बुजुर्गों व बच्चों का हित है इसे हर हाल में बनाये रखे।

-राम प्रकाश कुमावत (मारवाल)

यहां पर यह देखें

सम्पादकीय	3	130 साल की विश्व की सबसे बुजुर्ग महिला	12
विज्ञापन : बधाई	4	धीरे-धीरे खत्म होता: मातृत्व (अंकिता कुमावत एक पहचान)	13
कुमावत गौरव : सोहन लाल अजमेरा सांगानेर	5	बधाई : चयन, नियुक्ति, सीए बनने पर	15
नवोदित कुमावत प्रतिभा : हेमन्त कुमावत	5	श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए 21लाख रुपए दिए	16
मधु कुमावत ने उठाया खिलाड़ी की नेपाल यात्रा का खर्च	5	नावां सिटी : पड़पौत्र के जन्म पर चिकित्सा सामग्री दी	16
विमोचन : हेमचन्द कल से आज	6	बाल निवास जयपुर में मनाया गणतंत्र दिवस	16
समाज की ओर से कुम्भ में चलेगा भण्डारा	6	सारथी ग्रुप ने लड़की की शादी में मदद की	17
10वीं छात्रा ने किया इनोवेशन	6	सावेर में रक्तदान शिवर	18
जगदीश कुमावत हत्याकाण्ड के आरोपी गिरफ्तार	7	रक्तवीर ने रक्तदान कर 20 घण्टे के बच्चे को जीवनदान दिया	18
गोपी कुमावत ने गांधीगिरी से कराया गिरफ्तार	7	8वीं सदी से स्थापत्य, शिल्प कला व मूर्तिकला	19
बॉडी बिल्डिंग में कपासन के सिद्धार्थ ने कांस्य पदक जीता	7	डॉ. आशा कुमावत	20
सुरेश कुमावत ने जीता गोल्ड मेडल	7	आधुनिकता या महिला सशक्तिकरण ?	20
पवन कुमावत वेटलिफ्टर सम्मानित	7	दाल बाटी चूरमा : सैनिकों की भूख मिटाने वाली 1300 साल	
शिवरात्रि पर्व	8	पुरानी बाटी, जो आज राजस्थानी थाली की शान है	21
चित्तौड़गढ़ में कुमावत विकास एवं सेवा संस्थान के प्रयासों		युवा ही समाज का भविष्य, पर संस्कार न भूलें	22
से जमीन आवंटित	8	भ्रम जो कोरोना ने तोड़े, सबक जो कोरोना ने दिए	23
भवन निर्माण समिति, मालवीय नगर जयपुर की आस सभा सम्पन्न	8	विशिष्ठ संरक्षक	24
आशा कुमावत ने फिर जीते 2 गोल्ड मेडल	9	विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	25
बिना पलक झपकाने का रिकॉर्ड बनाया	9	'कुमावत इंडिया' पत्रिकानहीं मिलने पर यहां सम्पर्क करें	26
कीटनाशी रसायनों का सुरक्षित उपयोग के सुझाव	9	राजसिंह कुमावत रेलवे पुरस्कत	27
जो पिए लस्सी वो जिए अस्सी	10	मौसम मेरावण्डिया सम्मानित	27
अनूठी पहल : टीम चेतन धुंधारिया द्वारा रा.बा.उ.मा.		श्रद्धांजलि	28
विद्यालय, जाहोता, जयपुर को वाई-फाई किये जाने की घोषणा	11	श्रद्धांजलि	29
जन्मदिन पर पौधे लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश	11	विज्ञापन : हेमचंद ड़गटा	30
जयपुरनामा	12		

आशीर्वाददाता

स्व. श्री गुलाबचन्द एवं स्व. लादी देवी

(दादा-दादी)

बधाई

डॉ. देवांशी कुमावत

द्वारा निम्स विश्वविद्यालय, जयपुर से

BDS करने पर **हार्दिक बधाई**

शुभेच्छु

शारदा कुमावत-रूपसिंह कुमावत (माता-पिता),

उमेश चन्द कुमावत-उर्मिला कुमावत (चाचा-चाची)

विमला-श्री विजय कुमार , उमा-श्री सुशील आसीवाल (बुआ-पुफा)

गर्वित (भ्राता), मिष्ठी, हर्षिता (बहिन)

रूपन आर्ट्स

विज्ञापन

ई-544, लालकोठी स्कीम, जयपुर-302015, मो. : 9314502407, 9314502964

सोहन लाल अजमेरा सांगानेर

आपका जन्म सांगानेर में 15.1.1948 को हुआ। सांगानेर में आपने समाज में सर्वप्रथम 1970 में M.A. तक शिक्षा प्राप्त करने वाले प्रथम व्यक्ति हैं, इसके बाद आपने L.L.B. तक शिक्षा ग्रहण की। केन्द्रीय सरकार के P&T विभाग से ऑडिटर के पद पर नौकरी शुरु करते हुए विभिन्न पदों पर रहते हुए 2008 में सेवानिवृत्त हुए।

भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा में 1986 से ही विभिन्न पदों पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कार्य किया। वर्तमान समय में सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा में राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं। सन् 2014 में अजमेरा परिवार की सम्पूर्ण राजस्थान क्षेत्र में जनगणना करके एक परिचय पत्रिका के रूप में सराहनीय कार्य किया है।

आपकी पत्नी श्रीमती आशा देवी भी प्रारम्भ से सही सामाजिक कार्यों में भाग लेती रही थीं। कुमावत क्षत्रिय विकास समिति (रजि.) सांगानेर, जयपुर में अध्यक्ष पद पर रही। वर्ष 2001 में समाज के विशेष आग्रह पर नगर-निगम जयपुर में पार्षद पद पर निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा व द्वितीय स्थान पर रहीं। वर्ष 2003 में भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा में सांगानेर क्षेत्र से अध्यक्ष पद पर चुनी गई।

आपकी पुत्र वधु श्रीमती पूनम अजमेरा ने M.A., LLD तक शिक्षा ग्रहण करके जयसिंहपुरा, भांकरोटा में गणपति स्टोन इण्डस्ट्रीज नाम से स्टोन आर्टिकल निर्माण का व्यवसाय कर रही हैं। उन्होंने 2017 के स्टोन मार्ट में सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा पत्र व महिला उद्यमी के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

आप शुरू से ही आर.एस.एस. व भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर विभिन्न राजनैतिक गतिविधियों में भाग लेती रही हैं।

आपके सुपुत्र अजय कुमार अजमेरा भी गणपति स्टोन इन्डस्ट्रीज जो जयसिपुरा भांकरोटा जयपुर में सिति है अपना व्यवसाय कर रहे हैं। आपने M.A. तक शिक्षा ग्रहण की है।

आपकी तीन पुत्रिया हैं जो सभी राजकीय सेवा में हैं। सभी ने M.A. तक शिक्षा ग्रहण की है।

नवोदित कुमावत प्रतिभा : हेमन्त कुमावत

कवि हेमंत कुमावत राजस्थान राज्य के अलवर जिला स्थित गांव सिटाहेड़ा के मूल निवासी हैं। वर्तमान में जयपुर रहते हैं। इनके पिता श्री जगदीश प्रसाद जी किसान और माता श्रीमती दुर्गावती जी गृहणी हैं। कवि हेमंत ने इंजीनियरिंग में स्नातक (बी. टेक. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन) ऑनर्स किया है। वर्तमान में राजकीय सेवा जयपुर मेट्रो रेलवे में स्टेशन नियंत्रक के पद पर कार्यरत हैं।

इसके साथ ही आप कविता लेखन में विशेष रूचि रखते हैं और कवि सम्मेलन मंचों पर ओजस्वी कवि के रूप में सक्रीय हैं। देशभर में अनेक जगह कवि सम्मलेनों में काव्य पाठ कर चुके हैं। अनेक टी.वी. चैनल पर आपकी कविताओं का प्रसारण हुआ है। आपकी कविताओं को भिन्न भिन्न मंचों द्वारा पुरुस्कृत किया जा चुका हैं। आपका खंड काव्य 'पन्नाधाय' लगभग पूर्णता की ओर अग्रसर है। बहुत ही अल्प समय में आपने साहित्य में नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। इंजीनियरिंग क्षेत्र से होते हुए भी आपकी हिन्दी साहित्य पर अच्छी पकड़ है। आपकी रचनाएं मणिकर्णिका, भगवा, अखंड भारत, मुफ्तखोरी श्रोताओं में काफी प्रचलित हैं। आपके द्वारा रचित छंद विशेष लोकप्रिय हैं। जिसे कृपयापृष्ठ 22 पर देखें।

मधु कुमावत ने उठाया खिलाड़ी की नेपाल यात्रा का खर्च

जालुण्ड निवासी फुटबाल की अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ममता वर्मा को प्रतियोगिता में भाग लेने नेपाल जाना था। ममता का परिवार मजदूरी करता है व आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। **भाजपा प्रदेश महामंत्री व 'बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओ' की प्रदेश संयोजक मधु कुमावत** को जब यह ज्ञात हुआ उसने खिलाड़ी की पीड़ा को समझा तथा उसके गांव पहुंचकर नेपाल जाने का खर्च नकद सोंपकर सराहनीय कार्य किया। मधु कुमावत की इस पहल की सभी ओर से प्रशंसा हो रही है।

विमोचन हेमचन्द कल से आज

ट्रस्ट के फाउण्डर अध्यक्ष कर्मवीर एवं वरिष्ठ समाज सेवी श्री हेमचन्द खड़गटा द्वारा लिखित सम्पादित प्रकाशित 'हेमचन्द कल से आज' का विमोचन 21 फरवरी, 2021 को प्रात: 11.15 बजे दादू जी की बगीची झोटवाड़ा जयपुर में भैराणा धाम के **महंत श्रीश्री 1008 स्वामी श्री रामानन्द जी मोरवाल** के कर्मकमलों द्वारा किया गया। समारोह की **अध्यक्षता समाजसेवी दानदाता श्री नन्दकिशोर जी किरोड़ीवाल** ने की। सर्वप्रथम दादू जी महाराज के दीप और अगरबत्ती प्रज्ज्वलित कर स्वामीजी का अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात् चेतन धुंधारिया टीम द्वारा हेमचन्द खड़गटा का स्वागत कर गणेशजी की प्रतिमा भेंट की गई।

खड़गटा जी द्वारा लिखित पुस्तक उनके 76 वर्ष के अनुभव, स्वयं की जीवन यात्रा के साथ-साथ कई सामाजिक संस्थाओं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री एवं ट्रस्टी रहे हैं। इन संस्थाओं के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला है। संस्थाओं के बारे में अन्दर की बातें बताई जो आज तक किसी को भी मालूम नहीं थी। आपके विचारों से लगता है कि कुछ समाजबंधु समाज सेवा के नाम पर राजनीति करते हैं। समाज में काफी वरिष्ठ कर्मवीरों, समाजसेवियों एवं दानदाताओं के करीब 200-250 चित्र भी प्रकाशित किए गए हैं। ऐसा प्रकाशन राजस्थान में शायद पहला ही होगा।

खड़गटा जी ने बताया कि भारत के सभी रजिस्टर संस्थाओं को यह पुस्तक नि:शुल्क भेजी जाएगी तथा जो समाज बंधु लेना चाहे उन्हें 125 रुपए ट्रस्ट की सेवार्थ देना होगा। इसके लिए ट्रस्ट के सचिव श्री के.एम. कुमावत मो. 9461618994, उपाध्यक्ष चेतन धुंधारिया मो. 9829017584, कोषाध्यक्ष श्री लालचन्द धुंधारिया मो. 9413335998 पर या इनके निवास पर सम्पर्क कर सकते हैं।

– **चेतन धुंधारिया,** उपाध्यक्ष

समाज की ओर से कुम्भ में चलेगा भण्डारा

बड़े हर्ष का विषय है हरिद्वार कुम्भ में 1 अप्रेल, 2021 से 30 अप्रेल, 2021 के दौरान श्री रत्नलाल सर्वा, रतलाम वाले तथा उनके साथियों द्वारा सरकार से जमीन लेकर 30 दिन तक कुमावत समाज का कैम्प चलायेंगे। जिसमें ठहरने व खाने की नि:शुल्क व्यवस्था रखी गई है। इसमें एक दिवस के भण्डारे के लिए 25 हजार रुपये निर्धारित हैं। समाज के भामाशाह 10 हजार रुपए अग्रिम जमा कराकर अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। **25 अप्रेल 2021 का भण्डारा 'कुमावत इण्डिया' पत्रिका परिवार के द्वारा रखा गया है।** उस दिन **श्री लक्ष्मीनारायण घोड़ीवाल कोषाध्यक्ष (मो. 9549656438, 9414056438)** एवं साथी वहां समाज की सेवा में उपस्थित रहेंगे। अन्य जानकारी के लिए **कैम्प संचालक श्री रतनलाल सर्वा से मो. 9826040516 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

10वीं की छात्रा ने किया इनोवेशन

मोरिगसर, झुंझुनू की 10वीं की छात्रा **मोनिका कुमावत** ने कंटीले पेड़-पौधों से फल तोड़ने के लिए यंत्र का आविष्कार किया है। यह आविष्कार, **'इंस्पायर अवार्ड'** के लिए मानक हुआ है।

इसके लिए धारदार ब्लेड, साइकिल के ब्रेक वायर जैसे साधारण पार्ट्स ही है उपयोग में लिए गए हैं।

घनश्याम मामोड़िया

हमारे प्रिय समाजसेवी श्री हेमचन्द खड़गटा
द्वारा लिखित 'हेमचन्द कल से आज'
के विमोचन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

O.K. PAINT HOUSE

मोहनलाल कुमावत

340, Digamber Jain Dharamshala Building, M.I. Road, Jaipur- 01 Resi.: D-287 Kardhani scheme kalwar road Jaipur-12

जगदीश कुमावत हत्याकाण्ड के आरोपी गिरफ्तार

गाडरी खेड़ा में सर्व समाज की मीटिंग आयोजित, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायतार्थ सर्व समाज द्वारा तेरह लाख रुपए की सहायता दी गई। करेड़ा थाना सर्कल भीलवाड़ा के सबलपुरा गांव से 11 जनवरी शाम को गुजरात में भंगार व्यवसायी एवं सबलपुरा निवासी जगदीश पुत्र मेघराज कुमावत को कुछ लोगों ने घर से अपहरण करके स्कॉर्पियों में ले गये व पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अलग-अलग टीमें गठित कर 10 आरोपियों की गिरफ्तारी की।

सर्व समाज द्वारा पुलिस अधिकारियों का सम्मान : जगदीश हत्याकांड मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद गाडरी खेड़ा जेमंत माता मंदिर प्रांगण में सर्व समाज की विशेष मीटिंग आयोजित हुई। समाज सेवी गजेन्द्र सिंह सबलपुरा ने बताया मीटिंग में पुलिस प्रशासन द्वारा मामले में त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार करने पर पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया।

गोपी कुमावत ने गांधीगिरी से कराया गिरफ्तार

फरवरी 2021 को साँवेर निवासी गोपी कुमावत अपनी चाय की दुकान पर पोहे बनाकर रखें थे। उस क्षेत्र के एक दबंग यादव की भैंस ने मुँह मारकर पोहे को खराब कर दिया। इस के बाद गोपी कुमावत के साथ मारपीट कर दबंग ने उसका एक हाथ तोड़ दिया। साँवेर थाने पर प्रकरण दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। इस घटना से कुमावत समाज में बहुत रोष व्याप्त था। दूसरे दिन गोपी कुमावत के साथ कुमावत समाज के लोग थाने के सामने भूख हड़ताल पर बैठ गए। साँवेर थाना टी आई ने समझाईश कर भूख हड़ताल समाप्त कराई व आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। संघटन में ही शक्ति होती है इसे साँवेर के समाज ने दिखा दिया है। समाज मे किसी के साथ जुल्म हो तो जागरूक रहकर इस तरह ही जवाब देना चाहिए।



बॉडी बिल्डिंग में कपासन के सिद्धार्थ ने कांस्य पदक जीता

बॉडी बिल्डिंग में कपासन के सिद्धार्थ ने कांस्य पदक जीता। इंडियन बॉडी बिल्डिंग फैडरेशन, मुम्बई से संबंधित राजस्थान लॉयल बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस सेंटर की ओर से उदयपुर में आयोजित जूनियर मिस्टर मेवाड़ एवं जूनियर मिस्टर राजस्थान प्रतियोगिता में कपासन के बॉडी बिल्डर सिद्धार्थ कुमावत ने पहली बार में 65 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। कुमावत ने इसका श्रेय परिजनों एवं कोच इरफान खान को दिया।

सुरेश कुमावत ने जीता गोल्ड मेडल

30 से 31 जनवरी 2021 सीनियर राज्य स्तरीय चेम्पियनशिप, पिलानी में सुरेश कुमावत, जयपुर ने गोल्ड मेडल जीता। बहुत बहुत बधाई।

पवन कुमावत वेटलिफ्टर सम्मानित

महाबली खली द्वारा कुरुक्षेत्र में तथा दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले द्वारा जयपुर निवासी अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर पवन कुमावत का सम्मान किया गया।

शिवरात्रि पर्व

हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहारों में महाशिव रात्रि का अलग महत्व है। यह त्यौंहार फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाता है। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। सृष्टि का प्रारंभ इसी दिन से हुआ माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। भारत सहित पूरी दुनिया में महाशिवरात्रि का पावन पर्व बहुत ही उल्लास के साथ मनाया जाता है। महाशिव रात्रि की रात को मंदिरों में भजन कर शिव को प्रसन्न किया जाता है। प्रात: भगवान शिव का अभिषेक अनेकों प्रकार से किया जाता है। इसमें जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया जाता है। सुबह भगवान शिव के मंदिरों पर भक्तों, जवानों एवं महिलाओं का ताँता लग जाता है, जो शिवदरबार की पूजा करने के लिए जाते हैं।

शिव पुराण के अनुसार, महाशिवरात्रि पूजा में छह वस्तुओं को अवश्य शामिल करना चाहिए:

शिव लिंग का पानी, दूध और शहद के साथ अभिषेक। बेर या बेल के पत्ते जो आत्मा की शुद्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं; सिंदूर का पेस्ट स्नान के बाद शिव लिंग को लगाया जाता है। यह पुण्य का प्रतिनिधित्व करता है; फल, जो दीर्घायु और इच्छाओं की संतुष्टि को दर्शाते हैं; जलती धूप, धन, उपज (अनाज); दीपक जो ज्ञान की प्राप्ति के लिए अनुकूल है; और पान के पत्ते जो सांसारिक सुखों के साथ संतोष अंकन करते हैं।

बारह ज्योतिर्लिंग पूजा के लिए भगवान शिव के पवित्र धार्मिक स्थल व केंद्र हैं, जो स्वयम्भू के रूप में जाने जाते हैं। जो निम्न प्रकार हैं-

1. सोमनाथ यह शिवलिंग, काठियावाड़, गुजरात।, 2. श्री शैल मल्लिकार्जुन मद्रास में कृष्णा नदी के किनारे पर्वत पर स्थापित।, 3. महाकाल, उज्जैन।, 4. ओंकारेश्वर, मध्यप्रदेश के नर्मदा तट पर।, 5. नागेश्वर गुजरात के द्वारकाधाम के निकट।, 6. बैजनाथ, बिहार।, 7. भीमाशंकर, महाराष्ट्र की भीमा नदी के किनारे।, 8. त्र्यंम्बकेश्वर, नासिक (महाराष्ट्र)।, 9. घुमेश्वर महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में एलोरा गुफा के समीप।, 10. केदारनाथ, उत्तराखण्ड।, 11. काशी विश्वनाथ, वाराणसी।, 12. रामेश्वरम्, त्रिचनापल्ली, तमिलनाडु।

चित्तौड़गढ़ में कुमावत विकास एवं सेवा संस्थान के प्रयासों से जमीन आवंटित

राज्य सरकार द्वारा श्री कुमावत विकास एवं सेवा संस्थान, चित्तौड़गढ़ को 'श्री चारभुजा कुमावत समाज छात्रावास', गांधीनगर, चित्तौड़गढ़ के निर्माण के लिए आवंटित भूखण्ड का पट्टा मय रजिस्ट्री माननीय विधायक श्री चन्द्रभान सिंह आक्या एवं पूर्व सभापति नगर परिषद, चित्तौड़गढ़, श्री सुशील शर्मा के कर कमलों द्वारा विधायक के निवास पर संस्थान के प्रतिनिधि मंडल को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक एवं सभापति का उपरना ओढ़ा, मुंह मीठा कर आभार व्यक्त किया गया।

इस दौरान बालचंद गेन्दर, घनश्याम खनारिया, शिवलाल अडाणिया, राजकुमार बेरा, सुरेन्द्र वोरा, किशन लाल धनेरिया, शंकरलाल ओस्तवाल, रमेश चंद्र डूंगरवाल, जयकुमार, भंवरलाल सुरलिया, नारायण लाल कडवाल, बरदी चंद दमीवाल, कैलाश चंद्र मोरवाल, गोपाल मोरवाल, उमाशंकर दोराया, प्रकाश धनेरिया, राधेश्याम डिडवाणिया, तेजपाल बंडवाल, रतनलाल जी मंडोवरा, रितेश नाहर, राजेश गैदर, मनोहर लाड़ना आदि समाजजन मौजूद थे।

भवन निर्माण समिति, मालवीय नगर जयपुर की आस सभा सम्पन्न

7 पुरवरी, 2021 को कुमावत समाज भवन, मालवीय नगर जयपुर पर कुमावत भवन निर्माण समिति मालवीय नगर, जयपुर की आम सभा श्री हरीश पारमवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें समिति की गतिविधियों के अलावा भवन निर्माण को और गति देने, हॉल ही फर्श, खिड़कियों, पंखों व एयरकंडीशनर लगाने, ऊपर कमरों की फर्श खिड़किया-दरवाजे, पंखे आदि लगवाने तथा छत पर दड़ डालने पर चर्चा हुई। समिति ने इस हेतु दानदाताओं से सहयोग करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर मेरे अलावा भंवरलाल खूंखवाल (पूर्वचेयरमैन बगरू न.पा.) **पार्षद राजेश धुंधारिया**, पार्षद राजेश बालोदिया, आर्कीटेक्ट दीपक, जयराम चौधरी, गोविन्द सिंह खोवाल, रामप्रकाश बैरा, बाबूलाल सिरोहिया, बाबूलाल नीमिवाल के साथ सम्मानित समाज बंधुओ ने भाग लिया।

समाज के आर्थिक सहयोग के बिना कोई संस्था इतना बड़ा निर्माणकार्य नहीं कर सकती है। यह भवन शहर के ऐसे क्षेत्र में निर्माणाधीन है जहां प्रमुख शैक्षणिक व चिकित्सा संस्थान है। यह भवन बाहर से समाजजनों आते हैं उनके व जयपुर के समाजजनों के बहु उपयोग में आएगा। इसमें 60'×30' के दो हॉल, 30×15 के दो बड़े कक्ष एवं 13 कमरे के तीन तरफ अतिरिक्त खुला स्थान सुलभ होगा। समाजबंधुओं से अनुरोध है कि इस भवन को पूर्ण करने हेतु आर्थिक सहयोग खुलेमन से देवें।

- रमेश कुमावत (गैदर)
अध्यक्ष कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति,
मालवीय नगर, जयपुर

आशा कुमावत ने फिर जीते 2 गोल्ड मेडल

ओम फिटनेस क्लब द्वारा आयोजित जिला स्टैंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता, फुलेरा, जयपुर में 18 फरवरी को आशा कुमावत ने स्टैंथ लिफ्टिंग में ने गोल्ड मेडल हासिल किया है आशा ने 85 वेट केटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया है। आशा अपनी जीत का श्रेय अपने पिता कन्हैयालाल, माता कमला देवी व पति गिर्राज कुमावत को देती हैं। अपने कोच पवन कुमावत का भी आभार व्यक्त किया हैं । गोल्ड मेडल जीतने पर आशा कुमावत को कुमावत इंडिया की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

बिना पलक झपकाने का रिकॉर्ड बनाया

दुनिया में विविधता के अनेक उदाहरण हैं कुछ उदाहरण प्रकृति देय हैं तो कुछ व्यक्तियों ने अपने अथक प्रयास या फिर सनक के दम पर बनाए हैं आज हम बात कर रहे हैं जयपुर निवासी श्री मनोहर कुमावत (मारवाल) पुत्र श्री राम प्रकाश कुमावत व स्व. श्रीमती गीता कुमावत की जिन्होंने हाल ही में recordsetter.com/world-record/keep-eyes-open-without-blinking/55358 पर विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

दोस्तों आप अपनी पलकें बिना झपकाए कितनी देर रह सकते हैं 2 मिनट 3 मिनट या 5 मिनट तक बचपन में यह खेल आप सभी ने खेला होगा कि कौन कितनी देर तक पलकें नहीं झुकाता ।

आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि मनोहर जी ने 5 मिनट नहीं, 30 मिनट नहीं, 45 मिनट नहीं, **बल्कि पूरे 1 घंटा 9 मिनट 30 सेकंड तक बिना पलकें झपकाए यह रिकॉर्ड बनाया है ।** आपने पिछला रिकॉर्ड जो कि एक घंटा 5 मिनट 11.46 सेकंड का था उसे तोड़ा है और वर्तमान में यह नया कीर्तिमान स्थापित किया है। आप इस रिकॉर्ड को इस साइट पर देख सकते हैं और मनोहर कुमावत के **यूट्यूब चैनल मनोहर कुमावत** पर भी देख सकते हैं ।

इन्होंने इसका प्रयास किया और अपनी एकाग्रता और ध्यान से इस अविश्वसनीय कार्य को कर दिखाया। हमें और पूरे कुमावत इंडिया पत्रिका को आपके इस अद्भुत और अविश्वसनीय कार्य पर गर्व है।

किसान भाईयों के लिए

कीटनाशी रसायनों का सुरक्षित उपयोग के सुझाव

- कृषि विशेषज्ञों/कृषि विस्तार कार्यकर्ता की सिफारिश के अनुसार अनुज्ञापत्रधारी विक्रेताओं से ही कीटनाशक खरीदें तथा बिल अवश्य लेंवें।
- कीटनाशी रसायन के कंटेनर/पैकेट/डब्बे पर मान्यात प्राप्त लेबल, बैच नं., पंजीकरण संख्या, निर्माण तिथि एवं अवधि पार तिथि अवश्य देखें।
- कीटनाशक हमेशा बच्चों एवं पशुओं की पहुंच से दूर रखें।
- कीटनाशक घरेलू दवाओं से अलग मूल डिब्बे बोतल में रखें।
- छिड़काव/भुरकाव से पूर्व दवा की मात्रा, सान्द्रता, उससका फसल पर प्रभाव, कीट का प्रकार एवं संख्या का अवश्य ध्यान रखें।
- खरतपवारनाशी दवा के छिड़काव करने के बाद स्प्रेयर को अच्छी तरह साफ करके ही काम में लें।
- एक से अधिक कीटनाशक मिलाकर धोल नहीं बनावें।
- हाथों में दस्ताने,आंखों परचश्मा, नाक, मुंह व सिर पर कपड़ा बांधकर ही छिड़ाव करें और शरीर पर कीटनाशक गिरने पर तुरन्त साबुन से धोयें।
- शरीर पर खुले घाव हों तो इन पर मोटी पट्टी बाँधें। छिड़काव /भुरकाव के बाद साबुन से हाथ धोयें।
- दवा को प्रभावी बनाने के लिए घोल में चिपकने वाला पदार्थ मिलायें।
- छिड़काव/भुरकाव हवा की दिशा में सुबह या शाम के समय करें।
- छिड़काव/भुरकाव इस प्रकार करें कि पौधों की पत्तियों के दोनों तरफ दवा चिपक जाये।
- दवा उपयोग के समय बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, गुटखा एवं खाद्य पदार्थो का उपयोग नहीं करें।
- नोजल के बन्द होने पर सुई से साफ करें।
- छिड़काव/भुरकाव के समय बच्चों, पशुओं को दूर रखें।
- जहर का असर होने पर मरीज को डॉक्टर को दिखायें, कीटनाशक का डिब्बा/बोतल अवश्य बतायें।
- कीटनाशी के घोल को तैयार करने के बाद कभी-भी 24 घंटे पश्चात् इस्तेमाल नहीं करना चाहिए एवं बचे हुए घोल को बेकार जगह पर गड्ढा खोदकर दबा देवें।
- छिड़काव/भुरकाव के काम में आये उपकरण व बर्तन को साबुन या कपड़े धोने के पाउडर से धोयें।
- बचे हुए कीटनाशक को मूल पैकिंग में ही भंडारित करें।

जो पिए लस्सी वो जिए अस्सी

छाछ भूख बढाती है और पाचन शक्ति ठीक करती है, यह शरीर और ह्रदय जो बल देने वाली तथा तृप्तिकर है, क?रोग, वायुविक्रति एवं अग्निमांध में इसका सेवन हितकर है।

1. वातजन्य विकारों में छाछ में पीपर (पिप्ली चूर्ण) व सेंधा नमक मिलाकर
2. कफ विक्रति में आजवायन, सौंठ, काली मिर्च, पीपर व सेंधा नमक मिलाकर
3. पित्तज विकारों में जीरा व मिश्री मिलाकर छाछ का सेवन करना लाभदायी है।
4. संग्रहणी व अर्श (पाईल्स) में सोंठ, काली मिर्च और पीपर समभाग लेकर बनाये गये 1 ग्राम चूर्ण को 200 मि.लि. छाछ के साथ ले।
5. छाछ, लस्सी या मट्ठा के लिए एक कहावत बहुत मशहूर हैं..

जो भोरहि मट्ठा पियत, जीरा नमक मिलाय.!
बल बुद्धि तीसे बढत, सबै रोग जरि जाय.!

छाछ के लाभ

छाछ बनाने की विधि

- दही में मलाई निकालकर पांच गुना पानी मिलाकर अच्छी तरह मथने के बाद जो द्रव्य बनता है उसे छाछ कहते है।
- छाछ में सैंधा या काला नमक मिलाकर सेवन करने से वात एवं पित्त दोनो दोष ठीक होते है।
- छाछ वायु नाशक है और पेट की अग्नि को प्रदिप्त करता है।
- ताजा मट्ठा, तक्र और छाछ दिल की धडकन वाले रोगियों के लिए अमृत है, छाछ का स्वभाव शीतल होता है।
- छाछ अपने गरम गुणों, कसैली, मधुर और पचने में हलकी होने के कारण कफनाशक और वातनाशक होती है,
- पचने के बाद इसका विपाक मधुर होने से पित्त प्रकोप नही करती।

मट्ठा बनाने की विधि - दही में बिना पानी मिलाए अच्छी तरह से मथ कर थोडा मक्खन निकालने के बाद जो अंश बचता है उसे मट्ठा कहते है, ये वात एवं पित्त दोनो का परम शत्रु है।

तक्र बनाने की विधि- दही में एक चौथाई पानी मिलाकर अच्छी तरह से मथ कर मक्खन निकालने के बाद जो बचता है उसे तक्र कहते है, तक्र शरीर में जमें मैल को बाहर निकालकर वीर्य बनाने का काम करता है, ये कफ नाशक है।

भोजनान्ते पिबेत तक्रं वैद्यस्य किं प्रयोजनम !!

भोजन के उपरान्त छाछ पीने पर वैद्य की क्या आवश्यकता है?

खाना न पचने की शिकायत- जिन लोगों को खाना ठीक से न पचने की शिकायत होती है।

उन्हें रोजाना छाछ में भुने जीरे का चूर्ण, काली मिर्च का चूर्ण और सेंधा नमक का चूर्ण समान मात्रा में मिलाकर धीरे-धीरे पीना चाहिए। पाचक अग्नि तेज हो जाएगी।

दस्त- गर्मी के कारण अगर दस्त हो रही हो तो बरगद की जटा को पीसकर और छानकर छाछ में मिलाकर पीएं।

एसीडिटी- छाछ में मिश्री, काली मिर्च और सेंधा नमक मिलाकर रोजाना पीने से एसीडिटी जड़ से साफ हो जाती है।

कब्ज- कब्ज की शिकायत होने से अजवाइन मिलाकर छांछ पीएं।

पेट की सफाई के लिए गर्मियों में पुदीना मिलाकर लस्सी बनाकर पीएं।

सावधानियां-

- मट्ठे को रखने के लिए पीतल, तांबे व कांसे के बर्तन का प्रयोग न करें।
- इन धातु से बने बर्तनों में रखने से मट्ठा जहर समान हो जाएगा।
- सदैव कांच या मिट्टी के बर्तन का प्रयोग करें।
- दही को जमाने में मिट्टी से बने बर्तन का प्रयोग उत्तम रहता है।
- वर्षा काल में दही या मट्ठे का प्रयोग न करें।
- भोजन के बाद दही सेवन बिल्कुल न करें बल्कि मट्ठे का सेवन जरूर करें।
- तेज बुखार या बदन दर्द, जुकाम या जोड़ों के दर्द में मट्ठा नहीं लेना चाहिए।
- क्षय (टीबी) रोगी को मट्ठा नहीं लेना चाहिए।
- यदि कोई व्यक्ति बाहर से ज्यादा थक कर आया हो तो तुरंत दही या मट्ठा न लें।
- दही या मट्ठा कभी बासी नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसकी खटास आंतो को नुकसान पहुंचाती है। इसके कारण से खांसी आने लगती है।
- मूर्छा, भ्रम, दाह, रक्तपित्त व उरःक्षत (छाती का घाव या पीडा) विकारों मे छाछ का प्रयोग नही करना चाहिये।
- गर्मियों में छाछ में जीरा, आजवायन और मिश्री अवश्य डाल कर पिये वर्ना छाछ नुकसान कर सकती है।

संकलन **मेघना कुमावत,** सिविल लाइंस, जयपुर।

अनूठी पहल : टीम चेतन धुंधारिया द्वारा रा.बा.उ.मा. विद्यालय, जाहोता, जयपुर को वाई-फाई किये जाने की घोषणा

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जाहोता में मुख्य अतिथि टीम चेतन धुंधारिया के चेतन कुमावत द्वारा गणतंत्र दिवस पर झण्डारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विशिष्ट अतिथि श्री श्याम प्रताप सिंह राठौड, सरपंच ग्राम जाहोता थे।

इस अवसर पर टीम चेतन धुंधारिया द्वारा समाज में जागृति लाने के उद्देश्य व ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' को आगे बढ़ाते हुए सरकार के साथ कदम से कदम मिलाते हुए **राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जाहोता को वाई-फाई करने व विद्यालय में 6 पंखे भी लगवाने की घोषणा की।** यह भी कहा कि बेटा और बेटी में फर्क नहीं समझना चाहिए आज बेटियाँ भी बेटों से कम नहीं है, बेटियाँ भी हमारे देश का नाम रोशन कर रही है। इसलिए बेटियों को भी पढाई के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

टीम चेतन धुंधारिया के प्रवक्ता जयसिंह गुडीवाल ने टीम द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया और कहा कि टीम का गठन कोविड-19 की विषम परिस्थितियों में हुआ और तब से लेकर आज तक टीम अपनी जान की परवाह न करते हुए लगातार समाज में जागृति लाने के लिए कार्य कर रही है। गरीबों की सहायता, बेजुबान जानवरों के दाना पानी व्यवस्था, जो बच्चे शिक्षा से वंचित हैं उनकी यथा संभव सहायता कर उनको शिक्षा दिलाने का कार्य टीम द्वारा किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रिंसीपल ने टीम चेतन धुंधारिया को धन्यवाद दिया और कहा कि अन्य सामाजिक संस्थायें भी इसी तरह सेवा में आगे आये तो वो दिन दूर नहीं जब बेटियाँ भी बेटों की तरह कंधे से कंधा मिलाकर देश का नाम रोशन करेंगी।

इस अवसर पर रा.बा.उ.मा. विद्यालय, जाहोता का विद्यालय परिवार, समाज के अनेक गणमान्य लोग जिनमें श्री नरेन्द्र गुडीवाल, जयसिंह गुडीवाल, शंकरलाल बालोदिया, खेमचन्द खडगटा, राकेश कुमावत (एडवोकेट), विजय कारगवाल, महेश जलान्धरा, राधेश्याम खाटूवाल, जितेन्द्र सिंह, प्रहलाद राय कुमावत, 'चंचल' (साहित्यकार व कवि), छीतरमल कुमावत, मांगीलाल कुमावत, रामचरण, ग्राम जाहोता उपस्थित थे।

-जयसिंह गुडीवाल, प्रवक्ता टीम चेतन धुंधारिया

जन्मदिन पर पौधे लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

टीम चेतन धुंधारिया के प्रवक्ता जयसिंह गुडीवाल ने अपने जन्मदिवस पर श्रीमती कौशल्या देवी अग्रवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जाहोता में पौधे लगाये व विद्यालय में पखें भेंट किये। विद्यालय परिवार द्वारा जयसिंह गुडीवाल को माला व साफा पहनाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर जयसिंह गुडीवाल ने कहा कि उनके जन्मदिन का सबसे अच्छा उपहार यही होगा कि सब अपने-अपने जन्मदिन पर 5-5 पौधे अवश्य लगाने और देखभाल का संकल्प लें ताकि हम खुले वातावरण में साँस ले सके। जल, जंगल और जीव को बचाने तथा पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उपस्थित लोगों से संकल्प करवाया।

टीम के संस्थापक चेतन धुंधारिया ने बताया कि लोग पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण कर रहे हैं। हमें पाश्चात्य संस्कृति को छोड़कर भारतीय संस्कृति अपनानी चाहिए। ग्राम जाहोता के सरपंच श्री श्याम प्रताप सिंह राठौड ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीम चेतन धुंधारिया ग्राम जाहोता के लिए लगातार कार्य करने का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नरेन्द्र गुडीवाल, शंकरलाल बालोदिया, खेमचन्द खडगटा, राकेश कुमावत (एडवोकेट), विजय कारगवाल, जितेन्द्र सिंह, राधेश्याम खाटूवाल, जगदीश जी महाराज व विद्यालय परिवार उपस्थित थे। समाजसेवी हेमचन्द जी खडगटा व चंग धमाल किंग व मशहूर श्याम भजन गायक मनीष गर्ग ने भी अपना आशीर्वाद दिया।

8 मार्च को भजन संध्या

टीम चेतन धुंधारिया एवं श्री श्याम सेवक परिवार द्वारा आयोजित 'एक श्याम सांवरे के नाम' भजन संध्या के पोस्टर का विमोचन माननीय सतीश पूनिया द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम 8 मार्च 2021 को सायं 4.00 बजे झटपट बालाजी मंदिर राधा विहार,मेट्रो पिलर नं. 80, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर पर होगा।

जयपुरनामा

कुमावत इंडिया माह दिसम्बर, 2020 में श्री ताराचन्द सिरोहिया का संकलन प्रकाशित हुआ था, जिसमें जयपुर नगर के निर्माण में कुमावत जाति के योगदान का वर्णन था। इस संदर्भ में कुछ तथ्य विरासत में और मिले हैं, जिनमें आया है कि जयपुर नगर का निर्माण कुमावत कलाकारों ने वैदिक वास्तु के अनुसार ''अष्टाचक्रा नव द्वारा देवानाम पुर योद्धा (अ.10/2/31-32) के अनुसार आठ परिखा और नव द्वार वाली देव नगरी अयोध्या है। यह शरीर रूपी नगर का वर्णन है, जिसमें यक्ष आत्मा की भांति बैठा है। अयोध्या नगरी व जयपुर नगरी भी इसी आधार पर बसे हैं। यह उल्लेख ''वैदिक सम्पत्ति'' लेखक पं. रघुनन्दन शर्मा में आया है। प्राच्य मानचित्रों के अनुसार व वर्तमान में भी जयपुर नगर परकोटा में मुख्य नो द्वार है, यथा (1) गंगापोल (2) सूरजपोल (3) शिवपोल (घाट दरवाजा) (4) रामपोल (सांगानेरी दरवाजा) (5) कृष्ण पोल (अजमेरी दरवाजा) (6) चाँदपोल (7) ब्रह्मपोल (ब्रहमपुरी) (8) ध्रुवपोल (जोरावर सिंह दरवाजा) (9) मथुरापोल (रामगढ़ घाटी) अन्य द्वारों में सम्राट द्वार तोड़ दिया गया है। कागजी बाड़ा द्वार (ओदी काला हनुमान रोड़) मच्छी द्वार (घाट की गूणी आगरा रोड़) मोरियों (छोटे द्वार) में बालानन्द जी की मोरी, हीदा की मोरी, गन्दी मोरी है। शहर के अन्दर के मुख्य द्वारों में सिरह ड्योडी, चार दरवाजा, त्रिपोलिया, जनानी ड्योडी व मरदानी ड्योडी द्वार, चन्द्रमहल द्वार, जलेबी चौक के द्वार मुख्य है।

चौकड़ियों में आठ चौकड़ियाँ है (1) घाट दरवाजा (2) विश्वेश्वर जी (3) मोदी खाना (4) तोपखाना देश (5) पुरानी बस्ती (6) सरहद (राजपरिवार) (7) रामचन्द्र जी (8) गंगापोल। चौकड़ियों के रास्तों में नर मादा (एक छोटा एक बड़ा का ध्यान रखा गया है) चौकड़ियों में बनवाये गये घर अपवाद को छोड़कर दक्षिणमुखी नही है। जो है वे वास्तु नियमों के अनुसार जब सूर्य सिंह राशि पर होता है बनाये गये है। घर गुणिया में और मुख्य द्वार मध्य में तथा बायीं और से प्रवेश का विधान रखा गया है। घर में आगे का हिस्सा कम पीठ अधिक और चौक विषम नाप में है। गणेश पोल मुख्य द्वार के सामने का द्वार बन्द और बांयी और से प्रवेश का द्वार मुख्यद्वार गणेशपोल है जिसकी (गणेशजी) पूजा हर गणेश चतुरदशी पर होती है।

आणतराम उच्चस्थ वास्तुकार एवं संगीतज्ञ थे वे परवावज बजाने में महान् कलाकार भी थे। महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के समय में नृसिंह जी के मंदिर में संगीत के साथ परवाज भी बजाते थे। उनके नाम के साथ हालका उपाधि थी, उसी उपाधि पर आमेर नृसिंह जी के मन्दिर के पास हालुपोल है। महाराज जयसिंह के समय में एक यवन संगीतज्ञ संगीत में सब नगरों के संगीतज्ञ को परास्त करता हुआ उनके वाद्यों को गाड़ियों में लादकर आमेर आया और आमेर के संगीतज्ञों को ललकारा ओर मुकाबला करने को कहा। अणतराम जी को मुकाबले के लिये महाराज ने प्रस्तुत किया। अणतराम जी ने साक्षात्कार में संगीतज्ञ को अपना नाम बताने को कहा, उसने अपना नाम मिर्ची बताया। संगीतज्ञजी ने अणतराम जी से नाम पूछा। अणतराम जी ने कहा मेरा नाम अणतराम घी है। आज घी मिर्ची की कडवाहट को समाप्त करेगा, इस पर सभी उपस्थित जन हँस पड़े। मिर्ची अणतराम जी के सामने परास्त हो नतमस्तक हो गया। अणतराम जी ने उसके समस्त वाद्य लेकर गुणीजन खाने में जमा करा दिये। महाराज ने उन्हें ग्राम किशनपुरा उर्फखातीपुरा के जागीरदार बनाकर 100 बीघा जमीन भी प्रदान की। अणतरामजी ने वहां एक शिखरबन्ध मन्दिर का निर्माण करा दिया। अणतराम जी के वंशज स्व. रामगोपाल जी हालूका अन्तिम जागीरदार ने बताया था कि वे संगीत प्रेमी थे उन्हें अन्य कोई शतरंज, चौपड़ आदि खेलों का व्यसन नहीं था। क्रमश:

– **यशपाल कुमावत कन्डेरीवाल,** मो. 8209623067

130 साल की विश्व की सबसे बुजुर्ग महिला

हिमाचल प्रदेश के बिलासपर जिले में विश्व की बसे बुजुर्ग महिला के होने का पता चला है। महिला के आधार कार्ड में उनका जन्म साल 1890 लिखा है उनकी उम्र 130 साल है। इसका पता उस समय चला जब महिला बिलासपुर के घुमारवीं के पपलाह गांव में पंचायत चुनाव में अपना वोट डालने आई थी। महिला के जन्म साल को सुनकर पोलिंग बूथ पर मौजूद हर शख्स दंग रह गया।

जानकारी के मुताबिक विश्व की सबसे बुजुर्ग महिला रूस की जीन केलिमेंट हैं, जिनका साल 1997 में 122 साल की उम्र में निधन हो गया था। मौजूदा समय में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जापान की केन तनाका (118) सबसे बुजुर्ग महिला के नाम दर्ज है।

महिला के छह बच्चे थे, दो की मौत : मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घुमारवीं की रहने वाली इस महिला के छ: बच्चे थे, इनमें दो की मौत हो चुकी है। महिला के परिवार में कोई ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है। कहा जा रहा है कि इसके चलते ही महिला की उम्र को लेकर किसी ने कोई जिक्र नहीं किया था। साथ ही स्थानीय प्रशासन ने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

महिला की जांच में उम्र सही निकली तो करेंगे रेकॉर्ड का दावा : बिलासपुर जिले के डीसी ने कहा कि जांच के बाद यदि मंशा देवी की उम्र सही पाई गई तो वह वर्ल्ड रेकॉर्ड के लिए भी दावा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिला की उम्र से जुड़े तथ्यों की जांच करवाएंगे।

धीरे-धीरे खत्म होता: मातृत्व (अंकिता कुमावत एक पहचान)

यह लेख जो भी पड़े उनसे हमारा हार्दिक अनुरोध है कि इसे कुमावत समाज की राष्ट्रीय- अंतराष्ट्रीय पहचान को निखारने के लिए एक बेटी के त्याग को सँजो कर रखने की पहल में अपना योगदान स्वरूप समझे।

हमारी जाति और समाज सदियो से किसान और कलाकार, नवनिर्माणकार के रूप में स्थापित रहा है। यह अलग बात है कि हमारी जाति व समाज की अग्रणी पंक्ति ने इतिहास के प्रति अपनी उदासीनता और 'एकला चालो रे' की नीति के चलते हमारे समाज को कभी भी सामूहिक सफलता के रूप में, कहीं भी और किसी भी क्षेत्र में स्थापित नही करा पाये।

हमारी यह एक विडम्बना ही है कि राजस्थान में 5 बड़ी जाति और भारत वर्ष में 0.37% (लगभग 44 लाख) की जनसँख्या वाला समाज होकर भी हम राज्य और देश की पहचान बनाने वाले समाजों की पंक्ति में कही भी चिन्हित स्थान नहीं रखते है।

यहाँ पर ऐसा कतई नही है कि हमारे समाज मे शिक्षा, समझ, कला और व्यापारिक बुद्धिमता की कहीं भी व किंचित भी कमी रही हो न वर्तमान में और न कालांतर में रही है। ऐसा कहि भी कोई उदाहरण नही है बल्कि हमारे पूर्वजों के द्वारा निर्मित भवन, हवेलियाँ, किले-गढ़, बावड़ी-तालाब आज भी शान से खड़े है और भारत का गौरवशाली इतिहास में बने हुए है। यह अलग बात है हम इसकी भी पुष्टि लिखित में कही भी नही करा पाए है।

खेर एक कहावत है कि **'हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फारसी क्या'।** हमारे समाज की एकल सफलताये वर्तमान में इसका उत्तर निश्चित कर रही हैं। अत: हमारे उक्त उल्लेख को हमने न जाने अनगिनित बार अनेक लेखों और सभाओं में वर्णन किया है , बहस की है सामाजिक चर्चा भी की है, परंतु इस अंदरूनी घाव की यह कसक एक टिस की तरह किसी न किसी रूप से उभरती रहती है। जब भी कोई समाज का युवक और युवती अपने सपनो को त्याग कर, अपने भौतिक सुखों और रसूखों को त्याग कर अपनी जाति-समाज की पहचान बनाने में अपना सर्वस्व लगा देता है और उसके भागीरथी प्रयास के संघर्ष में समाज और समाज के अग्रणी सफल पंक्ति के लोग या विभिन्न संस्थाए उनकी मदद के लिए नदारद होते है तो यह टिस और भी ज्यादा दर्द देती है.. ?

तब ऐसा लगता है कि **यह रसूख वाले लोग या संस्थाए ऐसा R&D विभाग क्यो नही बनाती जहाँ पर समाज के गुणी, बुद्धिमान, साहसी युवाओं के प्रयासों को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित और सहयोग किया जा सके।**

जब समाज के किसी भी व्यक्ति का किसी सरकारी या गैर सरकारी पद पर चयन होता है या व्यापार में सफलता प्राप्त होती है तब पूरा समाज उनकी सफलता को, उनकी तारीफ के कसीदे को, सामाजिक मीडिया (फेसबुक-व्हाट्सअप, समाजिक गिनी-चुनी पत्रिकाओं) में बिना उस व्यक्ति की जानकारी के अपने स्वंय के फोटो को बड़ाकर के पोस्ट करता है और अनजाने लोगो की लाइक्स और कमेंट का लाभ लेता हुआ नजर आता है। एक होड़ जैसी मच जाती है परन्तु उसी व्यक्ति के संघर्ष के समय हम कहीं नजर नही आते है , उनकी मदद और प्रोत्साहन के लिए हम कभी खड़े नही होते है। सोचिये, यह एक बड़ा गम्भीर विषय है।

अब हम बात करते हैं 'अंकिता कुमावत' की। यह नाम जिसके बारे में लगभग 3-4 वर्षों पहले हमारे समाज के कई युवा-वरिष्ठ समाज सेवको, आर्थिक सफल और सामाजिक संस्थाओं के महामहिमो, व अन्य कई लोगो ने समाज की गौरव महिला होने की पोस्ट कमोबेश अपने-अपने स्तर पर प्रेषित की और सुर्खिया बटौरी, कइयों ने तो स्टार्टअप नाम का मतलब पता नही होने पर भी सहयोग के खिताब लूट लिए।

पर वास्तविक धरातल पर न किसी ने विषय को समझा न काम किया। 'अंकिता कुमावत' कुमावत समाज की ऐसी युवती जिसने IIM Kolkata से MBA किया है। IIM संस्था में प्रवेश की परीक्षा देश की सर्वोच्च प्रवेश परीक्षा है इसे पार करना भी अपने-आप मे एक उपलब्धि होती है।

अपनी MBA की पढ़ाई खत्म करने के बाद अंकिता कुमावत लगभग 5 वर्षो तक अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशो में बहु-राष्ट्रीय कंपनियो में अपनी सेवा दी। एक बेहतरीन व्यवसायिक कॅरियर के बावजूद भी उन्हें कही न कही देश के प्रति व अपने समाज के प्रति कुछ करने की भावना जीवन्त रही। उन्हें हमेशा लगा कि जो कार्य मे दूसरे देशों के लिए कर रही हूँ क्यों न यही कार्य अपने देश - अपनी मिट्टी के विकास के लिए किया जाए और उनके एक निर्णय ने उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया।

अंकिता कुमावत के लिए सब कुछ छोड़ कर आना आसान नही था परन्तु उन्होंने अपने दृढ निश्चय से इसे सम्भव किया। देश वापस आने के बाद प्रारम्भ में अजमेर शहर के बाहर अपने पिताजी के साथ खेती को सीखने और हमारे देश की माँ (गो-माता) के प्रजनन और विकास के बारे में अध्ययन किया।

वर्तमान में हम जो भी खाद्यान खा रहे है या दूध पी रहे है वो एक केमिकल के रूप में धीमा जहर जैसा है। अत्यधिक कीटनाशकों के उपयोग, भूमि की उर्वरक क्षमता की कमी, पानी की अनिमियता और खाद्य के व्यवसायीकरण ने हमारे खान-पान में जहर भर दिया है। यह जहर इतना महीन है कि तुरन्त इसका असर नही दिखता पर धीरे-धीरे हम सभी के जीवन में मोटापा, गैस, ह्रदय रोग, रक्तचाप, त्वचा रोग, अम्लता, स्ट्रेस, केंसर जैसी बीमारियां की तरफ निरन्तर अग्रसर करता जा रहा है। इस गम्भीर विषय की पीड़ा को समझते हुए अंकिता कुमावत ने रसायनों से पूर्णतया मुक्त जैविक खेती की

राह को चुना और निरन्तर प्रयासों से सफलता की ओर अग्रसर होती रही ।

इसके आगे उन्होंने श्वेत क्रांति में भारतीय देशी गायों की उर्वरकता को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और 1 गाय से प्रारम्भ करने से लेकर आज तक उनके पास 45 गायें हैं जिनमें 20 को 4था वर्ष है। प्रारम्भिक अवस्था मे अंकिता कुमावत ने अपने इस प्रयास में मात्र दूध से शुरूआत की थी और अपने कठिन परिश्रम से आज 300 से ज्यादा शुद्ध उत्पादन तैयार कर चुकी है जो अपने-आप मे एक बड़ी उपलब्धि है। इस संघर्ष की यात्रा में उनके पति श्री लोकेश का साथ एक मिसाल है।

अंकिता कुमावत के इस संघर्ष और सफलता को देश के कई समाचार चैनलों, पत्रों, अखबारों, मैगजीनों, सामजिक मीडिया के मंचो, ने उनके जीवन को अपने-अपने स्तर पर कई दफा कवर किया है। जब भी अंकिता कुमावत नाम आता है 'कुमावत' शब्द की पहचान एक सम्मान के साथ स्थापित हो रही है समाज का नाम पहले रखा जाना हम सभी के लिए एक बड़े गर्व की बात है। इस यात्रा में कई तरह के पुरस्कारों से भी अंकिता कुमावत को पुरस्कृत किया गया।

हमें यह जानकर भी गर्व होगा कि अंकिता कुमावत और उनके पति श्री लोकेश जी ने पूरे लोकडाउन में लगभग 1500 परिवारों को अपनी जान की परवाह किये बिना दूध-राशन और अन्य रोजमर्रा की चीजों को उप्लब्ध करवाया। यही नहीं सड़क पर पुलिस बन्दोबस्त की टुकड़ियों के लिए भी समय-समय पर चाय-दूध की नि:शुल्क आपूर्ति की जो मानवीय संवेदनाओ से भरा कार्य था।

अंकिता कुमावत ने अपने अनुभव को देश के कई क्षेत्रों के किसानों के साथ साक्षात्कार, लेखों और व्यक्तिगत सम्पर्क द्वारा साझा किया। उनको जैविक कृषि और श्वेत क्रांति की तरफ प्रेरित किया, साथ ही साथ उनके उत्पादनों को सही तरह से पैकेजिंग और मार्केटिंग के संसाधनों द्वारा अपने द्वारा बनाये गए सूचना प्रौधोगिकी के माध्यम से 'मातृत्व प्लेटफॉर्म' का संचालन आरम्भ किया, जिसमें Amazon जैसी बहु-राष्ट्रीय कंपनी से भी अपने-आप को व अन्य किसानों और कृषि से जुड़ी महिलाओ को एक सूत्र में जोड़ने का प्रयास किया है।

जहाँ पर लोग 2केले देते समय ऐसे फोटो खिंचाते हैं और बड़ा पोस्टर लगाते है उसके विपरीत इन्होंने अनाम उत्सर्ग की तरह कार्य कर रही है।

परन्तु इस भागीरथी प्रयास में अंकिता कुमावत ने अपनी जमापूँजी, आराम, मान-सम्मान सर्वस्वं न्योछावर कर दिया है।

आज हम अंकिता कुमावत के सामाजिक-देशहित कार्यो के पहलु देखने के साथ-साथ उनके वास्तविक संघर्ष व कठिनाइयों को भी हम आपसे साझा करना चाहते है। अंकिता कुमावत ने इस प्रयास में आज तक किसी भी तरह की **सरकारी या गैर सरकारी मदद नहीं ली है।** परिणाम स्वरूप इनकी सभी बचत और निवेश की राशि आज पूरी तरह से इस आंदोलन में लग चुकी है। देशी गायों के विकास में लगभग 5वर्ष लगते है उसके उपरांत ही वो A2 गुणवत्ता वाले दूध का निर्माण करने में सक्षम होती है और जैविक कृषि में लगभग 2-3 वर्ष का समय प्रारम्भ में लगता है एक फसल को तैयार करने में। परंतु अंकिता कुमावत ने इन सभी से अपनी मेहनत से पार पाने में लगातार प्रयासरत है, परन्तु इस वैश्विक महामारी कोविडं के चलते उन पर भी बड़ी गाज गिरी है, उनके कई शहरों में उत्पादन आपूर्ति बंद हो गई, कई तरह के उत्पाद नष्ट करने पड़े, लोगों के व्यवसाय और नोकरी पर असर की वजह से मांग में कमी होने लगी, साथ ही साथ इस स्टार्टअप को एक बेहतरीन पैकेजिंग, मार्केटिंग और सप्लाई के लिए एक संघटित निवेश की इस समय अत्यधिक आवश्यकता है यह एक ऐसा कार्य है जिसे वर्तमान समय मे अकेली अंकिता कुमावत के लिए पार पाना मुश्किल साबित हो रहा है। साथ ही साथ कुमावत समाज में जन्म लेने से एक आनुवंशिकी आत्मसम्मान और गौरव के चलते वह किसी भी समाज के सफल व्यक्तियों से आर्थिक कठिनाइयों की चर्चा नहीं करती है बल्कि अपने संघर्ष को और कड़ा कर दिया है।

सौभाग्य या इत्तिफाकन हमें उनके फार्म हाउस पर जाने और उनसे भेट करने अवसर मिला, जिसमें हमने बारीकी से उनके कार्य को देखा-परखा, हमें बड़ा गर्व महसूस हुआ उनके इस सामाजिक प्रयास को देख कर। परन्तु साथ ही उनके इस 6 वर्ष के प्रयास को आर्थिक -सामाजिक प्रोत्साहन के अभाव में धीरे-धीरे मरते हुए भी महसूस किया।

आज वर्तमान में अंकिता कुमावत जैसे युवा उधमियो को उनके नए प्रयासों और साहस के लिए सामाजिक व आर्थिक सहयोग संरक्षण की गम्भीर आवश्यकता है ।

अत: हमारी उन सभी सफल समाज बन्धुओ से निवेदन है कि अंकिता कुमावत के स्टार्टअप में सहयोग के लिए आगे आये। जो भी इस लेख को पढ़ रहे है वो कम से कम जो जैविक उत्पादन वो अपने घर में किसी अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनी का उपयोग कर रहे है उसके बजाय अंकिता कुमावत के शुद्ध जैविक उत्पादों का प्रयोग शुरू करे, जिससे हमारा स्वास्थ्य और उनकी गरिमा दोनों बरकार रह सकती है।

हम A2 गुणों से भरा गाय का शुद्ध घी, कई तरह के आयुर्वेदिक प्राकृतिक शहद, इम्युनिटी को बढ़ाने वाला मोरिंगा पाउडर, ड्रमस्टिक के पदार्थ, शुद्ध जैविक गेंहू, चना, मक्का, बाजरा, रागी का आटा, कई तरह की शुद्ध तेल से बनी नमकीन और प्राकृतिक गुड़ व शक्कर से बनी मिठाईया जैसे 300 से ज्यादा उत्पाद अंकिता कुमावत ने विकसित किये है जिनका उपभोग में अन्य के मुकाबले अपने समाज के स्टार्टअप को बढ़ाने में सहयोग रूप में कर सकते है।

विभिन्न वर्गों में चयन/नियुक्ति पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई

दीपक कुमावत (सिरोहिया) को बीजेपी (किसान मोर्चा) का प्रदेश सह- कोषाध्यक्ष



श्री अशोक जी टांक राजसमंद सभापति

श्री बंशी लाल जी कुमावत को राजसमंद के उपसभापति

भानु कुमावत (NCP) निवाई, वार्ड 6 से विजयी हुए, भाजपा ज्वाइन की।

पूर्व सभापति, उदयपुर **श्रीमान युधिष्ठिर जी कुमावत** को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य

श्री रामस्वरूप जी खोरानियाँ प्रदेश मन्त्री (BJP OBC मोर्चा)

अशोक जी कुमावत को रींगस, नगर पालिका अध्यक्ष

मनोज कुमावत नगर पालिका केकड़ी वार्ड-38 से विजयी

उमेश कुमावत नगर पालिका केकड़ी वार्ड-22 से विजयी

(CA) बनने पर हार्दिक बधाई

खेता राम कुमावत

राजेन्द्र कुमावत

प्रमोद कुमार निराणिया

राकेश कुमावत

सपना कुमावत
पुत्री भागचंद कुमावत



डिम्पल चेजारा
पुत्री तेजाराम चेजारा लक्ष्मणगढ़

चेतन धुंधारिया

हमारे प्रिय समाजसेवी श्री हेमचन्द खड़गटा द्वारा लिखित

'हेमचन्द कल से आज'

के विमोचन प्रकाशन पर

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

टीम चेतन धुंधारिया, जयपुर

श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए 21 लाख रुपए दिये

श्री भींवाराम कुमावत (निवासी अणतपुरा) व श्री पन्नालाल कुमावत (निवासी आसलपुर) ने श्री राम जन्मभूमि निर्माण के लिए निधि संग्रह में भारती भवन, जयपुर में आर.एस.एस. के प्रांत प्रचारक शैलेन्द्र कुमार, पूर्व मंत्री राजपाल शेखावत को श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए 21 लाख रुपए की राशि समर्पित की। इस अवसर पर आशीष कुमावत (जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो जयपुर) समाज सेवी मनोज कुमावत, सुरज कुमावत, समाज सेवी बनवारी लाल कुमावत ने बताया कि दोनों भाई भंदे के बालाजी विवाह सम्मेलन में अपना पुरा सहयोग करते हैं। कुमावत समाज दोनों भाईयों को समाज का गौरव मानता है। आपने समाज के कार्यों के लिए आर्थिक सहयोग देने से कभी किसी समाजबंधु को खाली हाथ नहीं लौटाया।

नावां सिटी : पड़पौत्र के जन्म पर चिकित्सा सामग्री दी

शहर के हरिओम कॉलोनी की रहने वाली महिला आचूकी देवी पत्नी स्व. मूलाराम मोरवाल की ओर से अपने प्रपौत्र के जन्म पर चिकित्सकों की ओर से बताई गई चिकित्सा सामग्री भेंट की गई। आचूकी देवी के परिजन लादूराम मोरवाल, नवरतन, पवन व दिनेश मोरवाल ने चिकित्सालय पहुँच कर यह सामग्री भेंट की। चिकित्सा प्रभारी ओमसिंह शेखावत ने मोरवाल परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सर्जन वक्ताराम चौधरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ गोपाल ढाका, फिजीशियन श्रवण नायक, दंत चिकित्सक सौरभ जैन सहित अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे। यह की सकारात्मक पहल स्वागत योग्य है।

बाल निवास जयपुर में मनाया गणतंत्र दिवस

श्री बाल निवास ट्रस्ट (रजि)जयपुर के तत्वावधान में 72वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि राकेश जी सिरोहिया एवं प्रधान ट्रस्टी राम प्रसाद जी घोडेला व गणमान्य व्यक्ति एवं पार्षद कपिला कुमावत उपस्थित रहे।

पूनम-महेन्द्र बिरथलिया
एडिलेड, आस्ट्रेलिया

निकिता-योगेन्द्र राजोरिया
जयपुर (राज.)

हमारे प्रिय मामाजी
श्री हेमचन्द खड़गटा द्वारा
लिखित सम्पादित प्रकाशित
'हेमचन्द कल से आज'
के विमोचन पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

नीतू-भरत राहोरिया
पूना (महाराष्ट्र)

विज्ञापन

सीताराम कुमावत को SMS Hospital, Jaipur प्रशासन की तरफ से उत्कृष्ट कार्य हेतु दक्षता प्रमाण प्रदान किया गया, बधाई।

श्री विजेंद्र मारवाल (कुमावत) PWD राजस्थान को उत्कृष्ट सेवा के लिए राजकीय सम्मान से सम्मानित किया गया, बधाई

बधाई : श्रीकांत जी कुमावत RTO इंस्पेक्टर धौलपुर को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य स्तरीय सम्मान परिवहन मंत्री श्री प्रताप सिंह खाचरियावास व मंत्री श्री अशोक चांदना द्वारा दिया गया।

फुलेरा विधायक श्रीमान निर्मल कुमावत के द्वारा श्री राम जन्मभूमि निधि में रुपए 2,51,111/- समर्पित कर सहयोग किया गया।

सारथी ग्रुप ने लड़की की शादी में मदद की

कोविड की वजह से बहुत से लोगों का काम धंधा छूट गया और अत्यधिक आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ा। इसी क्रम में केर की ढाणी, सांगानेर, जयपुर में एक परिवार को अपनी लड़की की शादी करने में वित्तीय समस्या आ रही थी। इसकी जानकारी मानव सेवार्थ समर्पित सारथी ग्रुप को होने पर उस परिवार को शादी का सामान उपलब्ध करवाकर मदद की। इस अवसर पर सारथी ग्रुप के साथियों सहित श्रीमती पूनम कुमावत भी उपस्थित थी।

लड़की के परिवार तथा ढाणी के कुमावत समाज के लोगों ने सारथी ग्रुप का धन्यवाद किया।

हमारे प्रिय समाजसेवी श्री हेमचन्द खड़गटा द्वारा लिखित
'हेमचन्द कल से आज'
के विमोचन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मनमोहन सिंह वर्मा

Gems Medicose
Sure Diagnostic Center
25-B, Near J K Loan Hospital, Jaipur

Ashirwad Hostel
E-17, Near VIT College, Jagatpura, Jaipur



साँवेर में रक्तदान शिविर

15 फरवरी 2021 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, साँवेर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें कुमावत समाज के युवाओं के अलावा अन्य युवाओं ने भी रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में 63 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ जो इंदौर के M. Y. अस्पताल व सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क उपलब्ध रहेगा। इस रक्तदान शिविर में कुमावत समाज के नेमीचंद कारवाल, दिलीप जी चौधरी, एडवोकेट सचिव कारवाल का विशेष योगदान रहा।

रक्तवीर ने रक्तदान कर 20 घण्टे के बच्चे को जीवनदान दिया

जानकारी के अनुसार कुचामन के निजी हॉस्पिटल में एक बच्चे को बी नेगेटिव (फ्रेश ब्लड) की आवश्यकता थी, बी नेगेटिव (फ्रेश ब्लड) नहीं होने का कुचामनसिटी के डॉ. पी.एल. कुमावत को जैसे ही पता चला कि बच्चे की हालत गँभीर है, ये रक्त वीर कुचानसिटी में श्री श्याम ब्लड बैंक पहुंचे और बच्चे के लिए ब्लड डोनेट किया। अन्य बी नेगेटिव डोनर भी पहुंचे जिनमें श्री ओम प्रकाश गावड़िया जसराना व दीनदयाल जी की पत्नी श्रीमती कांता देवी। इन सभी का बच्चे के परिजनों एवं समासेवी श्री राजकुमार फौजी, महेश कुमावत, दुर्गेश कुमावत एवं श्रीश्याम ब्लड बैंक की ओर से आभार प्रकट किया गया।

